दैनिक जागरण 30/08/2025

# पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कराई



पोस्टर मेकिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला (विज्ञप्ति)** : जीएमएन कालेज में रेड रिबन क्लब (आरआरसी) ने यूथ रेडक्रास और ईको क्लब के सहयोग से एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जजों के पैनल में डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी, डा. कुलदीप यादव और डा. राकेश कुमार शामिल थे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, कालेज में प्रबंधन विभाग ने एपेक्स 2025 के तहत सस्टेनेबल फाइनेंस वर्कशाप का आयोजन किया, जिसमें 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता सुमित बोड़ला रहे। इसके साथ ही, एसडीजी चैंपियनशिप 2025 के अंतर्गत सेव वाटर विषय पर इंस्टाग्राम रील/पोस्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुलजोत, भवी और साक्षी ने क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर कब्जा किया।